विश्व न्याय मंदिर

रिजवान 2024

विश्व के बहाईयों को

परम प्रिय मित्रों

नौ वर्षों के दुर्जेय उद्यम के दो वर्ष तीव्रता से बीत चुके हैं। ईश्वर के मित्रों ने इसके उद्देश्यों को दृढ़ता से हृदयंगम कर लिया है। पूरे बहाई जगत में इस बात की बढ़ी हुई गहरी समझ है कि समुदाय निर्माण की प्रक्रिया को और आगे बढ़ाने तथा गहन सामाजिक रूपांतरण को प्रभावित करने के लिए क्या आवश्यक है। लेकिन हर गुजरते दिन के साथ, हम विश्व की स्थिति को और निराशाजनक होते, इसके विभाजनों को और गंभीर होते भी देख रहे हैं। समाजों के भीतर और राष्ट्रों के बीच बढ़ते तनाव लोगों और स्थानों को असंख्य तरीकों से प्रभावित कर रहे हैं।

यह प्रत्येक विवेकशील आत्मा से प्रत्युत्तर की मांग करता है। हम सभी इस बात से भी भलीभांति परिचित हैं कि महानतम नाम का समुदाय समाज की पीड़ा से अप्रभावित रहने की आशा नहीं रख सकता। तथापि, यद्यपि यह इन कठिनाइयों से प्रभावित है, यह उनसे भ्रमित नहीं है; यह मानव जाति के कष्टों से दुखी है, लेकिन उनसे पंगु नहीं है। हृदय-स्पर्शी चिंता अवश्य ही समुदायों के निर्माण के निरंतर प्रयास को प्रेरित करे जो निराशा के स्थान पर आशा, संघर्ष के स्थान पर एकता प्रस्तावित करते हैं।

शोगी एफेंदी ने स्पष्ट रूप से वर्णन किया है कि कैसे "मानवीय मामलों में क्रमबद्ध गिरावट" की प्रक्रिया एक अन्य प्रक्रिया के समानांतर हो रही है, एकीकरण की प्रक्रिया, जिसके माध्यम से "मानव मुक्ति की नौका", समाज का "अंतिम आश्रय" निर्मित किया जा रहा है। हम यह देखकर आनंदित हैं कि हर देश और क्षेत्र में, शांति के सच्चे अनुगामी इस आश्रय स्थल का निर्माण करने में संलग्न हैं। हम इसे ईश्वर के प्रेम से प्रज्वलित किए गए हृदय, नए मित्रों के लिए अपना घर खोलने वाले परिवार, किसी सामाजिक समस्या के समाधान के लिए बहाउल्लाह की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने वाले सहयोगियों, आपसी सहयोग की संस्कृति को सशक्त करते समुदाय, अपनी आध्यात्मिक और भौतिक प्रगति के लिए आवश्यक कार्यों को शुरू करना और बनाए रखना सीखते पड़ोस या गाँव, एक नई आध्यात्मिक सभा के उद्भव का आशीर्वाद पाते स्थानीय समुदाय, के प्रत्येक विवरण में देखते हैं।

योजना की विधियाँ और साधन प्रत्येक आत्मा को इस दिवस में मानवजाति की आवश्यकता में कुछ भाग योगदान करने की अनुमति देते हैं। वर्तमान की परेशानियों के लिए एक अस्थायी समाधान प्रदान करने से परे, योजना का निष्पादन वह साधन है जिसके द्वारा पीढ़ियों तक अनावृत होने वाली दीर्घकालिक, रचनात्मक प्रक्रियाओं को हर समाज में गति प्रदान की जा रही है। यह सब

एक अविलंब, अपरिहार्य निष्कर्ष की ओर इशारा करता है: इस कार्य की सफलता के लिए अपना समय, अपनी ऊर्जा, अपनी एकाग्रता समर्पित करने वालों की संख्या में निरंतर, द्रुत-वृद्धि होनी चाहिए।

बहाउल्लाह के मानव जाति की एकता के सिद्धांत के अतिरिक्त विश्व को अपने सभी विविध तत्वों को एकजुट करने के लिए पर्याप्त व्यापक दृष्टिकोण और कहां मिल सकता है? उस दृष्टिकोण को विविधता में एकता पर आधारित व्यवस्था में परिवर्तित करने के अतिरिक्त विश्व उन सामाजिक दरारों को और कैसे ठीक कर सकता है जो इसे विभाजित करती हैं? इसके अतिरिक्त, कौन वह खमीर हो सकता है जिसके माध्यम से विश्व के लोग जीवन का एक नया तरीका, बनाए रखे जाने योग्य शांति का मार्ग खोज सकते हैं? तब हर किसी के लिए मित्रता का, समान प्रयास का, साझा सेवा का, सामूहिक सीख का हाथ बढ़ाएं और एक होकर आगे बढ़ें।

हम इस बात से अवगत हैं कि किसी भी समाज में युवाओं द्वारा बहाउल्लाह के दृष्टिकोण के प्रति जागृत होने और योजना के नायक बनने से कितनी जीवंतता और शक्ति उत्पन्न होती है। और इसलिए, अत्यंत दयालुता, साहस और ईश्वर पर पूर्ण निर्भरता के साथ बहाई युवाओं को अपने साथियों तक पहुंचने और उन्हें इस काम में लाने का संकल्प अवश्य ही लेना चाहिए! सभी अवश्य ही उमड़ें, लेकिन युवा अवश्य ही ऊंची उड़ान भरें।

वर्तमान समय की अविलंबता को सेवा से मिलने वाले विशेष आनंद को धुंधलाना नहीं चाहिए। सेवा के लिए आह्वान एक उत्थानकारी, सर्वआलिंगनकारी आह्वान है। यह हर निष्ठावान आत्मा को आकर्षित करता है, यहां तक कि उन लोगों को भी जो चिंताओं और दायित्वों से दबे हुए हैं। वह निष्ठावान आत्मा जिन सभी तरीकों में व्यस्त है, उनमें उसकी गहरी भक्ति और दूसरों की भलाई के लिए आजीवन चिंता को देखा जा सकता है। ऐसे गुण बहुविविध माँगों वाले जीवन को सुसंगति प्रदान करते हैं। और किसी भी प्रज्वलित हृदय के लिए सबसे मधुर पल आध्यात्मिक बहनों और भाइयों के साथ बिताए गए वे क्षण हैं, जो आध्यात्मिक पोषण की आवश्यकता वाले समाज की देखभाल कर रहे हैं।

आपको उत्थापित करने और अपनी राहों में प्रशिक्षित करने के लिए हम पवित्र समाधियों में, आप्लावित हृदय से बहाउल्लाह को धन्यवाद देते हैं, और हम उनसे अपने आशीर्वाद आप तक भेजने के लिए विनती करते हैं।

विश्व न्याय मंदिर